आवास विहीन लोगों को राशन किट एवं मास्क वितरित करते हुए मुख्यमंत्री।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में सोमवार को 31 व्यक्ति मिले कोरोना संक्रमित

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना की दूसरी लहर निरंतर दम तोड़ रही है। हालांकि, कोरोना के कुछ मामले निरंतर सामने आ रहे हैं। सोमवार को उत्तराखंड में 31 व्यक्ति संक्रमित मिले। इस दौरान कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति की मौत भी हुई हुई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 47 मरीज स्वस्थ्य भी हुई हैं। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट 95.95 फीसद रहा। अब प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या अब सिर्फ 446 रह गई है। वहीं राज्य में अब तक फंगस के 563 मामले मिल चुके हैं।

### देवस्थानम बोर्ड के विरोध में 16 से तेज होगा आंदोलन

**संवाददाता** ऋषिकेश। देवस्थानम अधिनियम समाप्त करने की मांग को लेकर चार धाम तीर्थ पुरोहित हक–हकूकधारी महा पंचायत आंदोलन के लिए लामबंद हो गई है। समिति ने 16 अगस्त से प्रदेशभर में विभिन्न सहयोगी संगठनों के साथ सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का एलान किया है। भगवान आश्रम ऋषिकेश में सोमवार को चारधाम तीर्थ पुरोहित हक–हकूक धारी महा पंचायत समिति के अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, चारों धामों में समान रूप से विकास होना चाहिए। मगर, इसके पीछे सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

### रिलायंस ज्वेल्स ने आभार के साथ वर्षगांठ का जश्न मनाया

**संवाददाता** देहरादून। रिलायंस ज्वेल्स ने अपनी 14वीं वर्षगांठ मनाने के लिए पहले से ही चल रहे एक्सक्लूसिव ज्वैलरी कलेक्शन, आभार के विस्तार की शुरूआत की है। इस कलेक्शन के लॉन्च के अलावा, रिलायंस ज्वेल्स ने #RishtonKaDhag थीम के साथ अपनी कृतज्ञता प्रकट की है, क्योंकि यही भावना उन्हें अपने ग्राहकों, कर्मचारियों, कारीगरों से जोड़े रखती है। इस साल का नया कलेक्शन तारकशी, झालर (मैक्रमै) और कसीदाकारी से प्रेरित है, जो प्रेम, विश्वास और एकजुटता के धागे का प्रतीक है।

### ब्रांड फैक्ट्री का रॉक बॉटम वीक शुरू

**संवाददाता** देहरादून। ब्रांड फैक्ट्री का रॉक बॉटम वीक शुरू हो गया है, जो आपके लिए बेहतरीन फैशन और डील्स लेकर आया है, ताकि आप सकुशल और सुरक्षित खरीदारी के माहौल में चिंता मुक्त शॉपिंग कर सकें। ब्रांड फैक्ट्री सभी ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट और 3500 रूपये की खरीद पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट पेश करता है, यह आपके और आपके प्रियजनों के लिए अपैरल खरीदारी के लिए जाने का सही समय है।

# कुटुम्ब पेंशन अब कहलाएगी सम्मान पेंशनः मुख्यमंत्री

**घोषणा**

- उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों की बढ़ेगी पेंशन
- हरिद्वार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सदन बनाया जाएगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके उत्तराधिकारियों के प्रांतीय सम्मेलन में घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम टाऊन हॉल देहरादून में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके उत्तराधिकारियों के प्रांतीय सम्मेलन तथा श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर घोषणा की कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को दी जाने वाली कुटुंब पेंशन का नाम बदलकर सम्मान पेंशन किया जाएगा। हरिद्वार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सदन बनाया जाएगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लंबे संघर्षों के परिणामस्वरूप भारत को आजादी मिली। देश की आजादी के लिए हमारे इन वीरों ने अपना सब कुछ समर्पित किया। 09 अगस्त 1942 की घटना भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। अगस्त क्रांति की शुरुआत 09 अगस्त 1942 को हुई थी। भारत की आजादी में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस दौरान उन्होंने उन्होंने कहा कि जल्द ही पेंशन की राशि भी बढ़ाई। आपको बता दें कि अभी हर महीने 1053 रुपए की पेंशन मिलती है। वहीं सीएम धामी ने हरिद्वार में स्वतंत्रता सेनानी सदन बनाने की भी बात कही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। सेनानियों के आश्रितों को सरकार द्वारा हर संभव सहायता देने का प्रयास किया जाएगा। जिन उद्देश्यों के लिए देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी गई, आज उन उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुपोषण मुक्त भारत की दिशा में देश आगे बढ़ा है।

इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, मेयर सुनील उनियाल गामा, अशोक वर्मा, मथुरा दत्त जोशी, भारत भूषण विद्यालंकर, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति से जितेन्द्र रघुवंशी, संतोष गोविल, राजकुमार अग्रवाल, शशांक गुप्ता, अवधेश पंत उपस्थित थे।

### आवास विहीन लोगों के लिए कोविड वैक्सीनेशन का विशेष अभियान शुरू

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रायपुर क्रासिंग, देहरादून में आवास विहीन लोगों को राशन किट एवं मास्क वितरित किए। यह राशन किट अक्षय पात्र फाउंडेशन के सौजन्य से उपलब्ध कराई हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आवास विहीन लोगों के लिए कोविड वैक्सीनेशन का शुभारंभ भी किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा झुग्गी झोपड़ी एवं मलिन बस्तियों में जाकर कोविड टीकाकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चार माह में प्रदेश में शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाएगा। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक कोविड टीकाकरण के लिए लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में टीकाकरण की गति में बहुत तेजी आई है। मलिन बस्तियों एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों का निर्धारित मानक के अनुसार टीकाकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की संभावित तीसरी लहर के लिए राज्य सरकार की पूरी तैयारी है। कोविड के दौरान सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी जन सहयोग के लिए सरकार को अच्छा सहयोग दिया जा रहा है।

# अनाथ हुए बच्चों को शीघ्र से शीघ्र योजनाओं का लाभ मिले

**सम्मान**

- मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु भी उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि दिनांक 01 मार्च, 2020 से 31 मार्च, 2022 तक कोविड–19 एवं अन्य बीमारियों से पिता/माता/संरक्षक की मृत्यु अथवा माता–पिता में से कमाऊ सदस्य की मृत्यु के कारण जन्म से 21 वर्ष तक के प्रभावित बच्चों की देखभाल, पुनर्वास, चल अचल सम्पत्ति, उत्ताराधिकारों एवं विधिक अधिकारों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना लागू की गयी है।



इस योजना में आच्छादित बच्चों को 3 हजार रूपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता 01 जुलाई, 2021 से 21 वर्ष की आयु तक अनुमन्य की गयी है। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना से सम्बन्धित सभी विभागों को जीओ शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड से अनाथ हुए बच्चों को शीघ्र से शीघ्र योजनाओं का लाभ मिले यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्यान सहित अनाथ बच्चों को नौकरी में 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने हेतु सम्बन्धित विभागों को तेजी से कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बच्चों के माता–पिता व संरक्षक के चले जाने की भरपाई करना संभव नहीं है, परंतु राज्य सरकार द्वारा इन बच्चों को एक अभिभावक की तरह संरक्षण दिया जायेगा।

मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गाइडलाइन एवं जीओ जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के निर्णयों का शीघ्र अतिशीघ्र अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम आएः प्रधानमंत्री

i।Fke i।t dk 'k"k]]]सरकारी मंडियों को विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से मददः प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने कोरोना महामारी के कारण दुनिया भर में हो रहे बदलावों को अनुभव किया है। मोटे अनाज, मसाले, सब्जी, फलों, ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। सरकार ने तय किया है कि जो राज्यों में सरकारी मंडियां है उनको भी विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से मदद मिल सके। इस फंड का उपयोग करके हमारी सरकारी मंडियां बेहतर होंगी, ज्यादा मजबूत होंगी, आधुनिक होंगी। अब देश की कृषि नीतियों में इन छोटे किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर फंड हो, या 10,000 किसान उत्पादक संघों का निर्माण, कोशिश यही है कि छोटे किसानों की ताकत को बढ़ाया जाए। छोटे किसानों की बाजारों तक पहुंच भी अधिक हो और बाजारों में मोलभाव करने की उनकी क्षमता भी अधिक हो।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।